| Publication : Punjab Kesari | Edition : Chandigarh |
| --- | --- |
| Date : September 18, 2018 | Page: Pg4 |

# पी.एन.बी. मैटलाइफ इंडिया ने सरकारी स्कूल से की 'दामिनी' की शुरूआत

## कम्पनी का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना : निपुण कौशल



मुहिम की शुरूआत पर पाठ्य सामग्री वितरित करते मुख्यातिथि निपुण कौशल व अन्य। (गगनदीप)

मोगा, 17 सितम्बर (गोपी): देश की अग्रणी जीवन बीमा कम्पनियों में से एक पी.एन.बी. मैटलाइफइंडिया इंश्योरैंस कम्पनी लिमिटेड ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अपनी पहल 'दामिनी' को नजदीकी गांव दूनेके में स्थित सरकारी स्कूल से जारी किया। इस दौरान विशेष रूप से पहुंचे पी.एन.बी. मैटलाइफ के चीफ मार्कीटिंग अफसर निपुण कौशल ने सरकारी स्कूल की बालिकाओं को पी.एन.बी. मैटलाइफ की ओर से व्यापक शैक्षणिक और अन्य सामग्री संबंधी सहायता प्रदान की।

कौशल ने बताया कि 'दामिनी' तहत कम्पनी का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने पर रहेगा, साथ ही उन्हें यौन शोषण और मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता बारे जानकारी प्रदान की जाएगी। इस दिशा में पहले कदम के रूप में कम्पनी ने 'प्रोजैक्ट नन्ही कली' के साथ सांझेदारी की है। कौशल ने कहा कि अपनी सी.एस.आर. पहल 'दामिनी' के माध्यम से पी.एन.बी. मैटलाइफ कम्पनी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहती है। के.सी. महिंद्रा एजुकेशन ट्रस्ट के डायरैक्टर शीतल मेहता ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा देश के लिए बेहद लाभप्रद साबित होती है। इससे न सिर्फ पोषण और स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि बाल विवाह में भी कमी आती है।